PTA

5/3/2023

न्यू लुक स्कूल सोसायटी के द्वारा संचालित न्यू लुक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, लोधा पेरेंट - टीचर्स एसोसिएशन की बैठक न्यू लुक कैम्पस लोधा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रदीप कोठारी ने की। उन्होंने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन करते हुए वर्ष 2023-24 की कार्य योजना की जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों से स्कूल विकास में सक्रियता से योगदान करने का निवेदन किया। साथ ही उन्होंने प्राचार्य शिखा कोठारी के मार्गदर्शन में विद्यालय की सतत उन्नति पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने बैठक के विशेष एजेंडे के तहत वर्ष 2023-24 में विद्यालय फीस बढ़ोत्तरी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान गत वर्षों से स्कूल फीस में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय सर्व सहमति से किया गया था। पर वर्तमान शिक्षा सत्र में स्कूल की फीस में बढ़ोत्तरी करना अत्यंत जरूरी है, जिससे स्कूल की व्यवस्थाएं ठीक

प्रकार से संचालित की जा सकें। सरकार की योजना के तहत अधिकतम 10% फीस में बढ़ोत्तरी की जा सकती है।

पेरेंटस-टीचर एसोसिएशन के सदस्य योगेश शर्मा ने कहा कि फीस में बहुत अधिक बढ़ोत्तरी से पेरेंटस पर आर्थिक भार पड़ेगा। इसलिए सभी को ध्यान में रखते हुए कम से कम फीस बढ़ाई जाए। कोषाध्यक्ष श्री हेमन्त लोनी ने मासिक फीस में 8% बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा। श्री राजीव गांधी एवं श्री मयूर जैन ने कहा कि 8% बहुत अधिक बढ़ोत्तरी होगी। यह उचित नहीं है। अतः इस प्रस्ताव पर पुनः विचार की आवश्यकता है।

अभिभावक सदस्य श्रीमती मनोमिका जोशी ने कहा कि अधिकतम 5% फीस बढ़ाई जाना ही ठीक रहेगा। सभी पेरेंटस सदस्यों ने भी एकमत से फीस में न्यूनतम बढ़ोत्तरी की बात कही।

प्राचार्य शिखा कोठारी ने कहा कि फीस बढ़ाना जरूरी है।

पैरेंट-टीचर सदस्यों ने फीस बढ़ोत्तरी पर अपने-अपने सुझाव दिए।

श्री प्रदीप कोठारी ने कहा कि सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्ष २०२३-२४ में सिर्फ 5% फीस ही बढ़ाना ठीक रहेगा। सभी सदस्यों ने इस पर सहमति जताई।

डॉ सुशील सोमपुरा ने सभी सदस्यों का आभार जताया और एसोसिएशन के निर्णय से शिक्षा विभाग को अवगत कराने के प्रस्ताव की जानकारी दी।

श्री प्रदीप कोठारी
SECRETARY
New Look School Society
Reg. No.-336/79-80
Banswara (Raj.)

(PRITESH)

Himanshu Mehta

Mayur Sain

योगेश शर्मा

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

Rakesh

[illegible]